an>

Title: Need to ease norms for blood donation.

**श्रीमती रीती पाठक (सीधी)**ः चिकित्सा के क्षेत्र में हमारी सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर धन्यवाद करते हुए (खास तौर पर इन्द्रधनुष, जेनेरिक मेडिसिन केन्द्र, एम्स में डॉक्टर्स का आनलाइन उपलब्धता इत्यादि योजनाओं) रक्त दान के एक प्रमुख पहलु पर ध्यान दिलाना चाहती हूं। रक्त दान को जीवनदान कहते हैं।

रक्त देन को दान की श्रेणी में इसलिए रखा गया है क्योंकि रक्त की उपलब्धता न होने पर चिकित्सा विज्ञान भी काम नहीं करता। किन्तु रक्त दाताओं को रक्त देने और कभी-कभी रक्तदाताओं के अपने परिवार या परिजनों को रक्त की आवश्यकता पड़ने पर उन्हें नियम की जटिलताएं दर्शाकर रक्त देने में असमर्थता जता दी जाती है। जिसका असर रक्त दाताओं के मनोबल पर भी पड़ता है।

अतः मेरा माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से अनुरोध है कि रक्त देने व लेने दोनों के नियम शर्तों को सरल किया जाए जिससे लोगों को प्रोत्साहन मिले।